卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 26 ♦अंक 106 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦21 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस नेत्रियों को रोकने पर देर रात तक हंगामा

### ज्योति रौतेला और सुनीता गावड़े को घंटों रोके रखने पर भड़के कार्यकर्ता

हरिद्वार (उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तराखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी मुस्तैदी के बीच मंगलवार देर रात हरिद्वार पुलिस ने हल्द्वानी से आ रहीं महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और प्रभारी सुनीता गावड़े के वाहन को चिड़ियापुर बॉर्डर पर रोक लिया। पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता रोके जाने के बाद सीमा पर करीब तीन घंटे तक तनाव की स्थिति बनी रही। ज्योति रौतेला को रोके जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर जमा



हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर इस घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस बैकफुट पर आई और रात करीब साढ़े बारह बजे दोनों महिला नेत्रियों को हरिद्वार में प्रवेश की अनुमति दी गई। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भी सोशल मीडिया पर मोर्चा खोलते हुए पुलिस पर सत्ता के दबाव में डराने-धमकाने का आरोप लगाया। दरअसल महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और प्रभारी सुनीता गावड़े काशीपुर के एक किसान की आत्महत्या और गिरधारी लाल साहू के विवादित बयान को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपने हरिद्वार आ रही थीं। कांग्रेस ने पुलिस की इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और मनमानी करार दिया है। ज्योति रौतेला ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री के पुत्र की मौत

### सिंचाई गूल में बाइक के नीचे दबा मिला शव

गूलरभोज (उद संवाददाता)। कांग्रेस सरकार में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री रहे प्रेम सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। 41 वर्षीय महेंद्र सिंह की बाइक अनियंत्रित होकर ढलान के नीचे खेत में जा गिरी, जहां सिंचाई गूल में बाइक के नीचे दबने से उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना से पूर्व मंत्री के परिवार में कोहराम मच गया है और क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र सिंह मंगलवार रात वार्ड संख्या 6 में अपने एक मित्र के घर जन्मदिन की पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वे देर रात तक वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद आता रहा। बुधवार सुबह पूर्व प्रधान नैन सिंह को रोड की ढलान के नीचे खेत में बनी सिंचाई गूल में एक बाइक गिरी होने की जानकारी मिली। जब पास जाकर देखा गया तो बाइक के नीचे एक व्यक्ति का शव दबा हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पिता प्रेम सिंह ने मृतक की पहचान अपने पुत्र महेंद्र सिंह के रूप में की। घटना की जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हथियारबंद दबंगों ने जगतपुरा में मचाया तांडव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार की मध्य रात्रि ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला जगतपुरा में कुछ हथियार बंद दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। इस दौरान मौहल्लेवासियों द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने हथियारों से उन पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। भीड़ इकट्ठी हो जाने पर हमलावर दबंग जब बाईक पर सवार होकर वहां से भागने लगे तो उनकी बाईक असंतुलित होकर गिर गई। जिसे वहीं छोड़कर वह भाग गये। मौहल्लेवासियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने पर मौहल्लेवासियों ने बाईक और दबंगों का छोड़ा एक पाटल पुलिस के हवाले कर दिया। मौहल्ले वासियों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि



जगतपुरा वार्ड 5 निवासी देवेन्द्र सरकार का कुछ वर्ष पूर्व अपने एक रिश्तेदार से विवाद हो गया था। मंगलवार की मध्य रात्रि वह रिश्तेदार अपने कुछ साथियों के साथ हथियार लेकर देवेन्द्र के घर आ धमका और गाली गलौचकर ललकारने लगा। जब घर का गेट नहीं खुला तो हथियार बंद दबंगों ने गेट पर ही प्रहार करने शुरू कर दिये। शोर होने पर मौहल्ले वासी बाहर आ गये और उन्होंने उन दबंगों का विरोध किया। जिसके बाद दबंगों ने मौहल्ले वासियों पुष्पा मिस्त्री, कृष्णा राय, संध्या सरकार, सुमित्रा, सुकुमार मंडल आदि के घरों में घुसकर उन पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## रामनगर में तेंदुए का आतंक,भाजपा नेता के घर से पालतू कुत्ते को उठा ले गया गुलदार

रामनगर (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले में मानव-वन्यजीव संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। रामनगर के किशनपुर छोई क्षेत्र में देर रात एक तेंदुए ने पूर्व प्रधान भगवती जोशी और वरिष्ठ भाजपा नेता हेम जोशी के आवासीय परिसर में धावा बोल दिया। तेंदुए ने आंगन में बैठे पालतू कुत्ते को अपना शिकार बनाया और उसे उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। यह पूरी रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के भीतर ही मौजूद थे। अचानक कुत्ते की चीख सुनकर जब तक लोग बाहर आए और कुछ समझ पाते, तब तक तेंदुआ शिकार लेकर ओझल हो चुका था। सुबह सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद घटना की पुष्टि हुई, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विभाग ने ग्रामीणों से रात के समय अकेले बाहर न निकलने और पालतू जानवरों को सुरक्षित बाड़े में रखने की अपील की है। वन विभाग के अधिकारियों के (शेष पृष्ठ सात पर)



## क्रिकेट खेल रहे युवकों पर फायरिंग

### पुरानी रंजिश में तमंचा तानकर दागी गोली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के रम्पुरा इलाके में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। दबंगों ने गाली- गलौज करते हुए न केवल जान से मारने की धमकी दी, बल्कि दहशत फैलाने के लिए तमंचे से फायर भी झोंक दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वार्ड संख्या 23 रम्पुरा निवासी शिवम कोली पुत्र बुद्धपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ समय पहले उसका कृष्णा गुप्ता, मोहित, काशी और अगम के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश को पालते हुए 19 जनवरी की शाम करीब 5 बजे जब शिवम अपने साथी इसान, शिवा और रवि के साथ नेतानी वाली गली के पास स्थित ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहा था, तभी आरोपी वहां आ धमके। आरोप है कि वार्ड संख्या 21 निवासी मोहित मौर्य पुत्र रतलाल, कृष्णा गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता और अगम पुत्र पप्पू गुप्ता ने एकराय होकर शिवम को घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच मोहित ने अपने पास छिपाकर रखा तमंचा निकाला और शिवम पर निशाना साधते हुए फायर कर दिया। शिवम ने दूसरी तरफ कूदकर बामुश्किल अपनी जान बचाई। सरेराह हुई इस फायरिंग से खेल के मैदान में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें:-
8433432291

## कल प्रातः 8 बजे से हल्द्वानी रुद्रपुर मार्ग 12 घंटे के लिए रहेगा बंद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से रुद्रपुर जाने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। कल 22 जनवरी दिन गुरुवार को रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते हल्द्वानी-रुद्रपुर मुख्य मार्ग प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार छत्तरपुर-हल्दी रोड रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य किया जाना है। इसी कारण यह मार्ग सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बंद रहेगा।हालांकि ट्रैफिक डायवर्जन सुबह 8 बजे से रात 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।हल्द्वानी शहर से रामपुर रोड होते हुए रुद्रपुर जाने वाले सभी प्रकार के दुपहिया, चौपहिया, रोडवेज व निजी बसें सिंधी चौराहा से डायवर्ट होकर बरेली रोड लालकुआं, किच्छा, नगला बाईपास से अपने गंतव्य की ओर जाएंगी। सुशीला तिवारी अस्पताल की ओर से रामपुर रोड होते हुए रुद्रपुर जाने वाले सभी प्रकार के दुपहिया, चौपहिया, भारी वाहन, रोडवेज व निजी बसें टीपी नगर / शीतल होटल (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांडे और चुफाल की मुलाकात से बढ़ा तराई का सियासी पारा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजनीति में इन दिनों तराई का क्षेत्र चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। एक तरफ गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके आवास पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया है, तो दूसरी तरफ भाजपा के दो कद्दावर और 'बागी तेवरों' वाले विधायकों की गोपनीय मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल का अचानक अरविंद पांडेय के आवास पहुंचना मात्र एक शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि सत्ता और अफसरशाही के खिलाफ एक नई मोर्चेबंदी के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासनिक कार्रवाई और नोटिस का विवाद पिछले कुछ दिनों से विधायक अरविंद पांडेय अपनी ही सरकार के अधिकारियों और कुछ नीतिगत फैसलों के खिलाफ मुखर रहे हैं। चाहे वह खनन का मुद्दा हो या काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग, पांडेय लगातार सुर्खियों में रहे। इसी बीच, जमीन से जुड़े कुछ पुराने मामले मीडिया में उछलने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को विधायक के गूलरभोज स्थित आवास के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि 0.158 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर हुए अवैध निर्माण को 15 दिनों के



भीतर स्वयं हटा लिया जाए, अन्यथा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जब अरविंद पांडेय के आवास पर नोटिस को लेकर गहमागहमी चल रही थी, तभी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ विधायक बिशन सिंह चुफाल का वहां पहुंचना कई सवाल खड़े कर गया। ये दोनों ही नेता अपनी ही सरकार की अफसरशाही के खिलाफ खुलकर बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। चुफाल पूर्व में भी कई बार अधिकारियों की मनमानी पर विधानसभा और सार्वजनिक मंचों पर नाराजगी जता चुके हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पांडेय पर प्रशासन के शिकंजे के बीच चुफाल की यह मुलाकात एक स्पष्ट संदेश है कि सरकार के भीतर वरिष्ठ विधायक अपनी अनदेखी और प्रशासनिक दबाव से असंतुष्ट हैं। बंद कमरे में हुई इस चर्चा को आने वाले दिनों में देहरादून से लेकर तराई तक किसी बड़ी राजनीतिक हलचल की आहट माना जा रहा है। विधायक अरविंद पांडेय पिछले काफी समय से तराई के मुद्दों पर न सिर्फ अफसरों बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते रहे हैं। अब जब उन पर कानूनी कार्रवाई का दबाव बढ़ाया गया है, तो उनके समर्थकों ने इसे 'बदले की राजनीति' और 'अधिकारियों की साजिश' करार दिया है। समर्थकों का कहना है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# पांच साल में प्रदेश का सिंचित क्षेत्र होगा दोगुना

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने के लिए सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने पूंजीगत व्यय, केंद्रीय योजनाओं (सीएसएस), ईएपी, नाबार्ड पोषित योजनाओं और एसएएससीआई सहित विभिन्न विभागों की व्यय योजनाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव समय पर शासन को भेजे जाएं और रीइंबर्शमेंट के दावों में किसी भी तरह की देरी न की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो विभाग अपने लक्ष्यों को समय पर पूरा कर रहे हैं और बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कार्यों की गुणवत्ता को लेकर मुख्य सचिव ने बेहद सख्त रुख अपनाया। उन्होंने वित्त और नियोजन विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश में चल रही सभी निर्माण परियोजनाओं के लिए 'इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन' (स्वतंत्र तृतीय पक्ष मूल्यांकन) का एक मजबूत तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स में वर्तमान में तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है, उनमें इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मुख्य सचिव ने जोर देते हुए कहा कि केवल योजनाओं को पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखा है। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि वर्तमान में प्रदेश की जो 15 प्रतिशत भूमि सिंचित है, उसे अगले पांच वर्षों के भीतर बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने नए बैराज, नहरों और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों पर काम करने को कहा। उन्होंने पायलट



प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किए गए स्प्रिंकलर सिस्टम (फुव्वारा सिंचाई) को सफल बताते हुए इसे पूरे प्रदेश में विस्तार देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उन सभी पुराने सिंचाई तंत्रों को तत्काल सक्रिय करने को कहा जो वर्तमान में ध्वस्त या बंद पड़े हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग को अपनी सभी योजनाओं को 'जीरो कार्बन उत्सर्जन' के मॉडल पर ढालने का लक्ष्य दिया। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को निर्देश दिए कि वे पेयजल योजनाओं में सौर ऊर्जा का उपयोग करें और सोलर पैनलों को बैटरी बैकअप के साथ जोड़ें। इसके लिए क्लाइमेट चेंज फंड का भी उपयोग करने की सलाह दी गई। वहीं, पानी की बर्बादी रोकने के लिए उन्होंने जल संस्थान को 31 मार्च तक देहरादून की सभी सरकारी कॉलोनियों में शत-प्रतिशत वाटर मीटर लगाने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निगम क्षेत्रों को भी जल्द ही वाटर मीटरिंग से संतृप्त किया जाएगा ताकि पानी की बर्बादी पर प्रभावी रोक लग सके। पर्यटन और शहरी विकास को लेकर मुख्य सचिव ने विजन साझा करते हुए कहा कि टिहरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जल्द से जल्द कार्ययोजना धरातल पर उतारी जाए। उन्होंने टिहरी झील रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए। शहरी विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि वे देहरादून समेत राज्य के सभी प्रमुख शहरों में बड़े पार्कों का निर्माण करें ताकि शहरी निवासियों को बेहतर वातावरण मिल सके। इसके साथ ही ऋषिकेश और चम्पावत में भी पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशने और वहां इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने वन विभाग को एक्सप्रेस-वे के किनारे हरियाली बढ़ाने और बायो फेंसिंग का मॉडल प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। आईटी विभाग को देहरादून में बन रही साइंस सिटी और अन्य विज्ञान केंद्रों के प्रभावी संचालन और मेंटरिंग के लिए एक बेहतर कार्यप्रणाली तैयार करने को कहा गया। बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, पीसीसीएफ कपिल लाल, सचिव नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पाण्डेय, वी. षणमुगम, आर. राजेश कुमार, युगल किशोर पंत, रणबीर सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शुक्ला ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## तनुज जोशी की घातक गेंदबाजी से किच्छा ने जीता उद्घाटन मैच

किच्छा (उद संवाददाता)। देवरिया भूड़ा स्थित खेल मैदान में मंगलवार को स्वर्गीय धर्मेंद्र थापा एवं स्वर्गीय दिनेश चौधरी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भूड़ा इलेवन और ऑल आउट अवेंजर किच्छा के बीच खेला गया, जिसमें किच्छा की टीम ने एकतरफा जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।मैच की शुरुआत में ऑल आउट अवेंजर किच्छा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। किच्छा के गेंदबाजों की सधी हुई लाइन लेंथ के सामने भूड़ा इलेवन के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए और निर्धारित 12 ओवरों में पूरी टीम मात्र 68 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑल आउट अवेंजर किच्छा की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। किच्छा की जीत के हीरो गेंदबाज तनुज जोशी रहे, जिन्होंने विपक्षी टीम के 8 विकेट झटक कर मैच का पासा पलट दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। इस तरह के आयोजनों से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाएं निखरती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने स्वर्गीय धर्मेंद्र थापा और स्वर्गीय दिनेश चौधरी को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट नई पीढ़ी को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने युवाओं से नशे जैसे गलत रास्तों से दूर रहकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने का आह्वान किया और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष सक्सेना, सचिव रोहित मेहरा, कोषाध्यक्ष हर्षित जोशी, अमन सक्सैना, दीपक सक्सेना, रमेश जोशी, जगदीश जोशी, लालचंद, अनिल मेहरा, भरत परमार, दीपू जोशी, हरीश बनोला, जग प्रसाद, नीरज बिष्ट, जगत थापा, नीरज कुंजवाल, सोनू कुंजवाल, गगन थापा, किसन रिजवी, धर्मेंद्र, रोहित थापा, परशुराम, यस, सौरभ, गौरव, अक्षत, दीपेश, कुणाल, सूरज और गबरू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।



# महिला किसानों को सिखाए गए दुग्ध उत्पाद बनाने के गुर

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग में महिला किसानों के लिए दुग्ध उत्पाद प्रसंस्करण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में भीमताल ब्लॉक के सूरज्याला गांव की महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दुग्ध उत्पादों के वैज्ञानिक निर्माण की बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डा. प्रभाकरन, डा. प्रनिता सिंह एवं डा. अमन कम्बोज के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान महिला किसानों को दूध से पनीर, पेड़ा, बर्फी एवं अन्य उत्पाद बनाने की वैज्ञानिक विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को न केवल उत्पाद बनाने के तरीके बताए, बल्कि दुग्ध उत्पादों के विपणन से होने वाले आर्थिक लाभ, पशुओं की उचित देखभाल और उच्च गुणवत्ता वाले दूध उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डा. एम. ए. अंसारी और सह-परियोजना अधिकारी डा. अनिल कुमार ने महिला किसानों को फार्मर फर्स्ट परियोजना के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ शोध अध्येता डा. नेहा आर्या एवं क्षेत्र सहायक अरुण कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला किसानों को प्याज के बीज भी वितरित किए गए। उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं को भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर महिला किसानों ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।






# भाजपा सरकार में हो रहा महिलाओं पर अत्याचार: सुनीता


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा सरकार सिर्फ नारे देने और लगाने वाली सरकार बनके रह गई है जहाँ एक तरफ ये सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है वही दूसरी और इन्ही के पार्टी के उच्च पदों पर आशिन पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता ही महिलाओ का शोषण करते है। यह बात महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुनीता गावड़े ने महिला कांग्रेस की एक बैठक में अपने संबोधन में कही। स्वराज भवन के तत्वाधान मे उत्तराखण्ड महिला कॉंग्रेस की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सुनीता गाँवड़े, सह-प्रभारी उत्तराखण्ड महिला कॉंग्रेस आदरणीया सुश्री पूनम पंडित एवं उत्तराखण्ड महिला कॉंग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति रौतेला ने कुमाऊँ मण्डल महिला कॉंग्रेस के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्तियों के साथ एक अहम् बैठक की। जिसमे प्रदेश मे महिलाओ के साथ हो रहे शोषण अत्याचार के खिलाफ हमें महिलाओ के प्रति उदासीन सरकार से महिलाओ के हक अधिकारों की लड़ाई के साथ-साथ महिलाओ को कैसे जागरूक किया जाये इसमें चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी सुनीता गांवड़े ने कहा कि



भाजपा सरकार सिर्फ नारे देने और लगाने वाली सरकार बनके रह गई है जहाँ एक तरफ ये सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है वही दूसरी और इन्ही के पार्टी के उच्च पदों पर आशिन पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता ही महिलाओ का शोषण करते है।सह-प्रभारी पूनम पंडित ने कहा की देश और प्रदेश मे महिलाओ के साथ हो रहे अपराधों के लिए यदि महिला कॉंग्रेस की शेरनियो को शस्त्र भी उठाने पड़े तो हमारी महिला कॉंग्रेस की कार्यकर्तियों को कोई गुरेज नहीं होगा।प्रदेश अध्यक्षा ज्योति रौतेला ने कहा की महिलाओ के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हम पहले भी सरकार को चेतावनी दें चुके है और अगर इसमें लगाम नहीं लगी तो महिला कॉंग्रेस सरकार की ईंट से ईंट बजाने को तैयार है। कार्यक्रम की आयोजक और प्रभारी नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा जया कर्नाटक ने कहा कि हमें लगता है कि सरकार की महिलाओ के प्रति उदासीनता कभी खत्म होने वाली नहीं है इसलिए हम महिला कॉंग्रेस की कार्यक्रतियों ने आज ये प्रण लिया है कि हम घर घर जाके महिलाओ को हमारे ऊपर हो रहे अत्याचारों- अपराधों के खिलाफ खुद ही लड़ाई लड़नी होगी इसके लिए जागरूक करेंगे जिससे भविष्य मे इसको रोका जा सके। जिलाध्यक्ष महिला कॉंग्रेस खष्टी बिष्ट ने कहा हमारी बेटी अंकिता भंडारी को आज साढ़े तीन साल हो गए है मगर उसे अभी तक न्याय नहीं मिल सका है। प्रदेश के मुखिया सीबीआई जांच के आदेश देकर पूरे प्रदेश मे फ्लेक्स लगवा कर वाह वाही लूटने की कोशिश कर रहे है। मगर प्रदेश की जनता भाजपा की करनी कथनी जान चुकी है और 2027 मे इन्हे लोहे के चने चबाने के लिए तैयार है। कार्यक्रम का संचालनजिलाध्यक्ष रानीखेत गीता पंवार ने किया। कार्यक्रम मे विधायक सुमित हृदयेश, विमला सांगुड़ी, मधु सांगुड़ी, मीना शर्मा, भागीरथी बिष्ट, शोभा बिष्ट, सीमा टम्टा, गीता पंवार, राधा बिष्ट, रेखा सोनकर, सुनीता कश्यप, पूजा सिंह, मोनिका ढाली, चम्पा चिलवाल, रजनी, जया कपिल,भावना भट्ट, धनी दुमका, सुनीता शाही, पुष्पा सम्मल, सुनीता देवी, शारदा बमेठा, मंजू पाण्डेय, रत्ना श्रीवास्तव, सीबू, हेमा दुमका, निर्मला जोशी, अलका आर्या, बीना जोशी, सविता गुर्रानी, दीपा गोस्वामी, पुष्पा आर्या, मुन्नी नयाल, सीमा आर्या, तलत एहतेशाम, निकिता आर्या, मोनिका सती, प्रीती बिष्ट, जानकी आर्या, सुनीता टम्टा, भगवती जोशी, भगवती बिष्ट, लता पाण्डेय, पुष्पा तिवारी, कमर जहाँ, साहिस्ता बेगम, शबनम, शकुंतला, कमला सनवाल, कृष्णा नेगी, रेनू तोमर, मुन्नी पंत, मुन्नी उप्रेती, कनक जीना, राधा दानु आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गमगीन माहौल में हुआ व्यापारी का अंतिम संस्कार

खटीमा । नगर के वरिष्ठ व्यापारी जशोधर भट्ट के शव का आज विधि विधान से बनबसा स्थित शारदा घाट में अंतिम संकर कर दिया गया।अंतिम संस्कार में खटीमाँ के विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, नानकमत्ता के पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व ग्राम प्रधान राजू जोशी, रमेश ढींगरा (बॉबी) सहित नगर के सैकड़ो लोगो ने शामिल होकर स्व भट्ट को अंतिम श्रद्धांजलि उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ ही वर्षों में फर्श से उठ कर अर्श पर पहुंचे स्व यशोधर भट्ट का शव कल सुजिया गांव में नाले किनारे मिलने की सूचना से नगर में सनसनी फैल गई थी। घटना स्थल पर पड़े स्व भट्ट के शव में मिले सुसाइड नोट में स्व भट्ट ने किसी को परेशान ना करने की बात लिखते हुए लिखा था कि यह उनका खुद का विवेक पूर्ण लिया गया फैसला है इसलिए किसी को भी परेशान ना किया जाए, पुलिस को आत्म हत्या करने से पहले जेब में मिले सुसाइड नोट



से पता चला कि उन्होंने आत्मा हत्या की है। शव के पास हो उनका रिवाल्वर और मोटर साइकिल भी मिली। हर किसी के सुख दुख में शामिल होने वाले स्वभाव से मिलनसार स्व जशोधर भट्ट पेशे से प्रॉपर्टी डीलर होने के साथ ही प्रेम जी मेमोरियल नाम से हॉस्पिटल, गारमेंट व्यवसाय सहित काफी कम समय में उन्होने खासी संपत्ति भी जोड़ी थी।वो कल सुबह अपनी बाइक से ऑफिस जाने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद उनका शव सुजिया गांव में नाले किनारे झाड़ियां में खून से लतपथ अवस्था में एक बकरी चराने वाले व्यक्ति के द्वारा देखा गया। घटना की सूचना उसके द्वारा ग्राम प्रधान को दी गई ग्राम प्रधान के द्वारा तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसआई किशोर पंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल पर बेरीकेटीग कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से सभी सबूत संकलन कर कल शाम के समय मृतक जशोधर भट्ट के शव का पोस्टमार्टम करा दिया था।फॉरेंसिक एक्सपर्ट के अनुसार प्रथम दृश्य से यह घटना आत्महत्या लग रही है। मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें मृतक ने स्वयं अपनी इच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुट गई है। आला अधिकारियों का कहना है कि घटना की पूरी जांच के बाद ही पूरा खुलासा किया जाएगा। वहीं घटना के उपरांत मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल खटीमा नगर के प्रमुख व्यवसायी के रूप में जाने वाले जशोधर भट्ट की मृत्यु की खबर से खटीमा क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं।

## होनी को समझ नहीं पाए परिजन और मित्र लोग

खटीमा। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार स्व भट्ट दो दिन पहले हो अपने मित्रो को साथ लेकर जबरदस्ती पूर्णागिरि मंदिर होकर आए थे और वहा उन्होंने बोला कि उनके दिल का ऑपरेशन हो चुका है इसलिए कभी भी वो मर सकते हैं। मित्रो ने भरोसा दिलाया कि अब मंदिर आ गए है कुछ नहीं होगा जबकि घटना वाले दिन कल ही सुबह घर में अपने पुत्र को लेनदेन का सारा हिसाब समझाते हुए घर के सभी सदस्यों को बकायदा निर्देश देकर गए कि मेरे जाने के बाद ऐसा ऐसा करते रहा करना। घर वालो ने कहा कि आप ऐसा किसलिए बोल रहे है। उन्होंने बोला कि उनके दिल का ऑपरेशन हो चुका है उनका दिल काफी कमजोर है। कभी भी मर सकते है इसलिए ऐसा बोला रहा हूँ। यह बोल कर घर से चुपचाप रिवाल्वर उठा कर निकल गए, हमेशा खुश दिखने वाले स्व भट्ट इससे पूर्व एक कार्यक्रम में लोगो को काफी गुमसुम और उदास दिखाई दिए।






## हमलावर गिरफ्तार नहीं हुए तो रुद्रपुर बाजार होगा बंद: जुनेजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने पूर्व मंत्री व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के पुत्र सौरव राज बेहड पर हुए हमले को कायराना हमला करार देते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस ने शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार ने किया तो रुद्रपुर का बाजार बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए पर किसी पर जानलेवा हमला स्वीकार नहीं है, सौरभ राज बेहड पर हुए हमले से आम व्यक्ति मे ये भय पनप रहा है कि जब प्रदेश मे विधायक का बेटा सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की क्या बिसात है। श्री जुनेजा ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि आए दिन शहर में गोली चलना, मर्डर होना, रक्त रंजिश होना आम बात हो गई है, जिससे यह साबित हो रहा है कि जनपद उधम सिंह नगर अपराधियों के लिए अपराध स्थल बनता जा रहा है। मगर पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है, पुलिस का अपराधियों पर किसी भी तरह का भय नहीं है। जुनेजा ने साफ साफ कहा कि सौरभ राज बेहड पर हमला हुए लगभग 60 घंटे से भी ज्यादा का समय गुजर गया हैं मगर पुलिस के हाथ अभी तक खाली है, इससे पुलिस की कार्यप्रणाली दिखाई पड़ रही है। साथ ही यह साबित होता है कि उधम सिंह नगर की पुलिस भ्रष्टाचार में सलिप्त है, आम जनता के सुख-दुख से किसी भी तरह का कोई सरोकार नहीं है।

## चन्दोला मेडिकल कॉलेज के छात्र विश्वविद्यालय स्तर पर चमके

रुद्रपुर। चन्दोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा वसुंधरा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त की है। संस्थान के विभिन्न बैच के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत के दम पर मेरिट सूची में शीर्ष स्थानों पर कब्जा कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो बैच 2022-23 (प्रथम बीएचएमएस) में अदिति बिष्ट ने 72.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि अमरीन 69.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और कल्पा नेगी 69 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह बैच 2023-24 प्रथम (बीएचएमएस)में विशिष्टा माहेश्वरी ने 68.4 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, वहीं तस्कीन शम्सी 67.9 प्रतिशत के साथ द्वितीय



और बुशरा खान 67.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर काबिज हुईं। सफलता का यह सिलसिला उच्च कक्षाओं में भी जारी रहा। बैच 2021-22 (द्वितीय बीएचएमएस)में सुहासिनी वत्स ने 70.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, प्रीति भारद्वाज ने 69.11 प्रतिशत के साथ द्वितीय और शिवानी ने 67.56 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। बैच 2020-21 (तृतीय बीएचएमएस)के परिणाम में देवेश यादव और प्रिया सेमवाल ने 69 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नित्या विश्वकर्मा 68.9 प्रतिशत के साथ दूसरे और यादव खुशी पतिराम 68.5 प्रतिशत के साथ तीसरे पायदान पर रहीं। इसके अलावा बैच 2019-20 (चतुर्थ बीएचएमएस)में अक्षय कुमार ने 68 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ऐश्वर्या कुमारी 67 प्रतिशत और साक्षी 66 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. के.सी. चन्दोला एवं सचिव वसुंधरा चन्दोला ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी मेधावियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की अटूट मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। साथ ही, प्रबंधन ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया जो इस बार मेरिट में स्थान नहीं बना पाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे छात्र हताश होने के बजाय नई ऊर्जा के साथ मेहनत करेंगे और आगामी परीक्षाओं में निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। विद्यार्थियों की सफलता पर कालेज के प्राचार्य सहित शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ ने भी बधाई प्रेषित की है।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में भानु प्रताप स्कूल का दबदबा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाते हुए इतिहास रच दिया है। स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतकर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय स्कूल की बेहतर शैक्षणिक योजना, निरंतर मार्गदर्शन और शिक्षण संकाय के समर्पित प्रयासों को दिया जा रहा है। ओलंपियाड के परिणामों में स्कूल के कई छात्रों ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कक्षा 2 से अभिश्री, शानवी और रुद्रांश, कक्षा 4 से आनंद यादव, कक्षा 5 से तरुणिमा, कक्षा 6 से रुद्रांश कुमार और कक्षा 8 से वसुंधरा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रजत पदक जीतने वालों में कक्षा 2 से आनवी, अक्षिता, दिव्या और आरवी,



कक्षा 4 से अभि यादव, कक्षा 5 से जीविका और कक्षा 6 से हिमाचल शामिल रहे। इन छात्रों की सफलता स्कूल द्वारा दिए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक प्रोत्साहन को दर्शाती है। वहीं प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की मजबूत नींव को उजागर करते हुए कक्षा 2 के हिमांक, वैष्णवी, अंशिका, अक्षय शर्मा, चित्रा और आदर्श ने कांस्य पदक हासिल किए। इस गौरवपूर्ण अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी पदक विजेता छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और हिंदी भाषा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सफलताएं टीम वर्क और सकारात्मक सीखने के माहौल का सुखद परिणाम हैं। प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी छात्र अगले स्तर की प्रतियोगिताओं में और भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाएंगे। हिंदी शिक्षिका आरती ने भी अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रधनाचार्य के निरंतर सहयोग और बेहतर शैक्षणिक ढांचे की सराहना की, जो शिक्षकों और छात्रों को नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करता है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में मिली यह जीत भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और प्रतिभाओं को तराशने की प्रतिबद्धता को पुख्ता करती है।

## डा. रतन लाल अरोरा के निधन पर जताया शोक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के कर परामर्श दाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. रतन लाल अरोरा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रख ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । सभी ने डा. रतनलाल अरोरा के निधन को शहर के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। शोक सभा में वीरेन्द्र सुखीजा, मनोहर लाल मिगलानी, नरेश सेठ, सुरेश मदान, केशव ठक्कर, कस्तूरी लाल तागरा, प्राण ठक्कर, राजकुमार सीकरी, अशोक गाबा, अपार सिंह बेदी, कंवलजीत बठला, गगन दुनेजा, एडवोकेट सुभाष छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

## यूसीसी के आवेदन में निजता सुरक्षा के मजबूत तंत्र ने जीती जनता की विश्वसनीयता

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के एक वर्ष के भीतर पांच लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, लेकिन सुरक्षा के कड़े इंतजामों के चलते निजता उल्लंघन का एक भी मामला सामने नहीं आया है। यूसीसी पोर्टल के माध्यम से संचालित होने वाली यह पूरी प्रक्रिया फेसलेस होने के कारण नागरिकों की पहचान पूरी तरह सुरक्षित बनी हुई है। शुरुआत में इस कानून को लेकर निजता के हनन की जो आशंकाएं जताई जा रही थीं, वे बीते एक साल के सफल क्रियान्वयन के बाद पूरी तरह निर्मूल साबित हुई हैं। राज्य सरकार की इस पहल ने सुशासन और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है।पोर्टल की मजबूती का आलम यह है कि यदि एक बार सक्षम अधिकारी द्वारा ऑनलाइन आवेदन मंजूर कर लिया जाता है, तो उसके बाद स्वयं संबंधित अधिकारी भी आवेदक की निजी जानकारी नहीं देख सकता। आवेदन के साथ जमा किए गए दस्तावेजों और सूचनाओं तक केवल आवेदक की ही पहुंच होती है, जिसे वह अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से देख सकता है। इस उच्च स्तरीय तकनीकी सुरक्षा के कारण ही अब प्रदेश के नागरिक विवाह पंजीकरण, विवाह विच्छेद, वसीयत पंजीकरण, लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण और इसे समाप्त करने जैसे संवेदनशील विषयों के लिए भी यूसीसी के प्रावधानों का निडर होकर प्रयोग कर रहे हैं।यूसीसी के लागू होने से न केवल गोपनीयता सुनिश्चित हुई है, बल्कि प्रमाण-पत्र मिलने की प्रक्रिया भी बेहद सरल और तेज हुई है। वर्तमान में औसतन मात्र पांच दिनों के भीतर आवेदकों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे जनता के समय और संसाधन की बड़ी बचत हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस कानून के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि समान नागरिक संहिता नागरिकों की निजता का सम्मान करने और उन्हें पारदर्शी सेवा प्रदान करने के अपने संकल्प पर पूरी तरह अडिग है। नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिशों के उलट यह व्यवस्था प्रदेश में गुड गवर्नेंस का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है।

## प्रभु को समर्पित भक्त की रक्षा करते हैं स्वयं हरि

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु को समर्पित, कर्तव्य परायण, दृढ़ निश्चायी भक्त की रक्षा स्वयं श्री हरि करते हैं। ऐसे पुण्यआत्मा भक्त का समस्त संसार भी चाहे शत्रु क्यों ना हो जाए परंतु उसका बाल बांका नहीं कर सकता। भक्तराज प्रहलाद के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने उसे मानव मात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। मिथ्या अहंकार में भूले हुए हिरण्यकश्यप ने स्वयं अपने ही पुत्र प्रहलाद पर कितने निर्मम अत्याचार किये, जिसका अपराध शायद मात्र इतना था कि उसने परमात्मा का नाम लेना नहीं छोड़ा। लेकिन सदैव रक्षा की प्रभु ने व उस अहंकारी हिरण्यकश्यप का नाश भी किया। भक्त का कभी नाश नहीं हो सकता। परमात्मा की कृपा जिस पर भी हो उसके लिए विष भी अमृत बन जाता है। उन्होंने कहा कि जीता हुआ मन तथा इंद्रियां मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रियां सबसे बड़े शत्रु है। संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। मन बाधक भी है तथा साधक भी है। इसे अपनी आध्यात्मिक उन्नति के



लिए साधक बनाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा हमारे अहंकार को दूर करती है। श्रद्धावश ही हम दूसरों का हृदय से सम्मान करते हैं। श्रद्धा का प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है । श्रद्धा का परिणाम सदैव शुभदायक और मंगलकारी होता है। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों में उन्होंने सभी को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण "श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व लाठी वाले भैय्या की जय जय कर से गूंज उठा।

# राज्य स्तरीय कबड्डी में देहरादून और उधम सिंह नगर के बीच होगा खिताबी मुकाबला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल विभाग उधम सिंह नगर द्वारा खेल निदेशालय उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित अनुसूचित जाति ओपन बालक वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांच चरम पर है। श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले संपन्न होने के बाद अब खिताबी भिड़ंत देहरादून और मेजबान उधम सिंह नगर की टीमों के बीच होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई कुल 8 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन युवा क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी जानकी कर्की के मार्गदर्शन में आयोजित इस टूर्नामेंट के पहले दिन कई कड़े मुकाबले देखने को मिले। शुरुआती मैचों में देहरादून ने उत्तरकाशी को 45-23 से, चंपावत ने उधम सिंह नगर को 17-4 से, नैनीताल ने हरिद्वार को 51-26 से और उधम सिंह नगर ने बागेश्वर को 31-13 से शिकस्त देकर अपनी दावेदारी पेश की।प्रतियोगिता के सेमीफाइनल दौर में बेहद रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। पहले सेमीफाइनल में देहरादून ने नैनीताल को बेहद करीबी मुकाबले में 52-49 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में उधम सिंह नगर ने चंपावत को 46-24 से पराजित कर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया। फाइनल मुकाबला अब देहरादून और उधम सिंह नगर के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह बना हुआ है।प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहायक हॉकी कोच मोहित रावत, सहायक एथलेटिक्स कोच हरिश राम, कबड्डी कोच विशाल सिंह और गौरव उपाध्याय सहित सभी प्रशिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा। मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी स्मिता नेगी द्वारा निभाई जा रही है। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन और जिला खेल कार्यालय उधम सिंह नगर का विशेष योगदान मिल रहा है।



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले संजीव सिंह

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट की। इस दौरान उन्होंने श्री नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व संभालने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।मुलाकात के दौरान संजीव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का वास्तविक उत्सव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा दुनिया की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अत्यंत पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से अपने नेतृत्व का चयन करती है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर अब तक की परंपरा इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में बड़ी जिम्मेदारियां परिवारवाद के आधार पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के परिश्रम, समर्पण और जनसेवा के आधार पर तय की जाती हैं।संजीव सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन का व्यापक संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं से उनका गहरा जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' का संकल्प और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से भाजपा का यह नया अध्याय राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक नई गाथा रचेगा।



# अरविंद कुमार पाण्डे ने संभाला कार्यभार

भीमताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने मंगलवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने विकास भवन भीमताल में जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जनपद में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण करने के अवसर पर विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी ने मुख्य विकास अधिकारी को ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं और विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अरविंद कुमार पाण्डे ने अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।



# विधायक अरोरा ने शिवपुर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच विधायक शिव अरोरा ने अपना कंबल वितरण अभियान जारी रखते हुए ग्राम शिवपुर में 200 से अधिक जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई। शिवपुर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विधायक ने निर्धन, बुजुर्ग, महिलाओं और दिव्यांग वर्ग के लोगों को कंबल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिव अरोरा ने कहा कि मातृशक्ति और बुजुर्गों का प्यार ही उनकी असली ताकत है और जनता की निस्वार्थ सेवा ही उनके जीवन का मूल मंत्र है। शिवपुर क्षेत्र के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए विधायक शिव अरोरा ने बताया कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र की सड़कों के निर्माण से लेकर मंदिरों के सौंदर्यीकरण और टिन शेड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में देश के साथ-साथ रुद्रपुर की तस्वीर भी तेजी से बदली है। उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और वर्ष 2026 में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएंगी। इसके अतिरिक्त इस वर्ष बंग भवन का निर्माण कार्य शुरू होगा और फरवरी माह के अंत तक रिंग रोड जनता को समर्पित कर दी जाएगी। उन्होंने बड़ी उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि रुद्रपुर के पास ही इस वर्ष एम्स बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे लोगों को इलाज के लिए ऋषिकेश के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। विधायक ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजा जाने वाला मुफ्त राशन आज सीधे गरीब की रसोई तक पहुंच रहा है। राशन के नाम पर होने वाली कालाबाजारी और लूट पर पूरी तरह अंकुश लगा है, जिससे गरीब का हक उसे शत-प्रतिशत मिल रहा है। यह सरकार की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण का यह पुनीत कार्य पूरी विधानसभा में अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। पूर्व में मुखर्जीनगर में 500 कंबल बांटे गए थे और अब शिवपुर में 200 से अधिक लोगों की सेवा का अवसर मिला है। कार्यक्रम के दौरान गदरपुर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, आनंदखेड़ा ग्राम प्रधान राजकुमार चौधरी, प्रधान सुमंगल, बीडीसी राजेंद्र सैनी, नरेश तपाली, मनमोहन वाधवा, अशोक ढाली, नवीन, करुणा, विप्लव, कौशल विश्वास, रवि ढाली, शिवकुमार और मयंक कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ट्रांजिट कैंप से 15 वर्षीय किशोर लापता

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के राजा कॉलोनी से एक 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। किशोर चार दिन पहले घर से दुकान जाने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद अब पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। राजा कॉलोनी वार्ड संख्या 10 निवासी भूकन लाल ने थाना ट्रांजिट कैंप में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सतीश कुमार 16 जनवरी की दोपहर करीब 2 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह पास की दुकान से पेन लेने जा रहा है। काफी देर तक जब सतीश घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। पिता ने अपने स्तर से सभी संभावित स्थानों, दोस्तों और रिश्तेदारियों में बेटे की तलाश की, लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। चार दिनों तक लगातार खोजबीन करने के बाद भी सफलता न मिलने पर परिजनों ने पुलिस की शरण ली है। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही किशोर के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है।

# घर के भीतर से बाइक चोरी

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के राजा कॉलोनी में चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए घर के भीतर खड़ी नई मोटरसाइकिल पार कर दी। पीड़ित ने काफी खोजबीन के बाद अब पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।मूल रूप से ग्राम सिठौरा, बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी देवदत्त पुत्र गेंदन लाल वर्तमान में राजा कॉलोनी वार्ड संख्या 10 में रहते हैं। पुलिस को दी तहरीर में देवदत्त ने बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी 25ईडी 3809 घर के भीतर लॉक लगाकर खड़ी की थी। उस समय मकान के मुख्य दरवाजे पर ताला नहीं लगा था। अगली सुबह जब वे करीब 6:30 बजे सोकर उठे, तो देखा कि बाइक अपने स्थान से गायब थी।पीड़ित ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि यह बाइक सितंबर 2024 में ही खरीदी गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।




# धार्मिक स्थलों पर भगदड़ रोकने को भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें अधिकारी: मंडलायुक्त

## श्रद्धालुओं की यात्रा हो सरल और सुरक्षित, एआई तकनीक और सीसीटीवी से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को कुमाऊं मंडल के सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों पर क्षमता के आधार पर ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाए ताकि भगदड़ जैसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कैंची धाम, मां गर्जिया देवी, जागेश्वर, मां पूर्णागिरी, हाट कालिका और बागनाथ जैसे प्रमुख मंदिरों में व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने को कहा है। मंडलायुक्त दीपक रावत ने निर्देश दिए कि भीड़ के सटीक पूर्वानुमान और नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जाए। इसमें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित 'हेड काउंट' और घनत्व निगरानी उपकरणों के साथ-साथ हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के जन-समूह को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल और मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अल्पकालिक कार्यों जैसे पार्किंग प्रबंधन, पैदल मार्ग की सुगमता, पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही भविष्य की स्थायी व्यवस्था के लिए यातायात सुधार, सड़क चौड़ीकरण और इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम जैसी दीर्घकालिक परियोजनाओं के प्रस्ताव 15 दिन के भीतर भेजने को कहा गया है।बैठक में सुरक्षा व्यवस्थाओं पर जोर देते हुए मंडलायुक्त ने विद्युत और अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा या किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस, अग्निशमन सेवा और एसडीआरएफ के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। आपातकालीन निकासी मार्गों का चिन्हांकन कर उन्हें बाधा मुक्त रखने पर भी बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे की कमी का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बैठक के दौरान कहा कि आपात स्थिति के लिए क्रेन और जेसीबी जैसे संसाधनों की मांग पहले से ही तैयार रखी जाए। उन्होंने कैंची धाम में मेलों और पर्वों के दौरान लगने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्द्वानी से शटल सेवा शुरू करने और इसके लिए उपयुक्त पार्किंग स्थल चयनित करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी, जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार और जिलाधिकारी अल्मोड़ा अंशुल सिंह ने अपने-अपने जनपदों के प्रमुख मंदिरों की तैयारियों और सुरक्षा योजनाओं का विवरण साझा किया। बैठक में जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नितिन भदौरिया, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटगाई, जिलाधिकारी बागेश्वर आकांक्षा कोंडे सहित सभी जिलों के पुलिस कप्तान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# पार्षद सौरभ के हमलावरों को पकड़ने का आज शाम तक का समय

## एसएसपी कार्यालय पर होगा बेमियादी धरना, बेहड़ के आवास पर महापंचायत में जुटे जुटे सैकड़ों लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र पार्षद सौरभ राज बेहड़ पर हुए हमले के हमलावरों को 48 घंटे के बाद भी न पकड़ने पर श्री बेहड़ के आवास विकास कालोनी स्थित आवास पर रूद्रपुर, यदि बुधवार शाम तक हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो एसएसपी कार्यालय में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया जायेगा। किच्छा से विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री तिलक राज बेहड़ के पार्षद पुत्र सौरभ राज बेहड़ पर संस्थाओं ने हिस्सा लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री बेहड़ अत्यंत भावुक नजर आए। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सौरभ राज बेहड़ केवल उनका पुत्र नहीं है, बल्कि वह जनता का बेटा है साथ खड़े होंगे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने जनपद उधम सिंह नगर की कानून व्यवस्था पर जमकर प्रहार किए। वक्ताओं का आरोप था कि जनपद की पुलिस केवल अवैध वसूली, जमीनों के विवाद और खनन के कार्यों को निपटाने निशान खड़े करता है। मामले की गंभीरता और बढ़ते जन आक्रोश को देखते हुए एसपी सिटी उधम सिंह नेगी स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आश्वस्त करने की कोशिश की कि पुलिस मामले की तह तक पहुंच जाए। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो परसों (कल)से पूरे जिले में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसके तहत रुद्रपुर शहर और बाजार बंद करने की भी चेतावनी दी गई है। इस बैठक






किच्छा, जसपुर, खटीमा, गदरपुर, लालपुर आदि क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में रोषित कार्यकर्ताओं की मंगलवार को दोपहर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी वक्ताओं ने एक स्वर से पुलिस की निष्क्रियता पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। विधायक श्री बेहड़ ने कहा कि वह शांत तरीके से पुलिस को जांच का पूरा समय दे रहे हैं। उन पर समर्थकों का पूरा दबाव है। पुलिस उनके सब्र का इम्तिहान न ले। हुए जानलेवा हमले के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस घटना के विरोध में विधायक तिलक राज बेहड़ के आह्वान पर उनके आवास पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्री बेहड़ के समर्थक उमड़ पड़े। सभा में न केवल किच्छा बल्कि जसपुर से लेकर खटीमा तक के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, धार्मिक संगठनों और सामाजिक जिसे क्षेत्र के लोगों ने ही पार्षद चुनकर अपनी सेवा की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि एक जिम्मेदार विधायक के पार्षद पुत्र पर इस तरह जानलेवा हमला हो सकता है और अपराधी खुलेआम घूम सकते हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि आज फैसला लेने का समय है कि क्या वे पुलिस की इस कार्यप्रणाली और बढ़ती अराजकता के खिलाफ उनके में व्यस्त है, जबकि आम नागरिक और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। जसपुर विधायक आदेश चौहान और उप नेता प्रतिपक्ष व खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने भी प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी हमलावरों का पुलिस की पकड़ से बाहर होना बेहद शर्मनाक है और यह पुलिस की कार्यक्षमता पर बड़े सवालिया रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि विधायक तिलक राज बेहड़ और उपस्थित समर्थक पुलिस के आश्वासनों से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए। अंत में यह निर्णय लिया गया कि पुलिस प्रशासन को कल (आज)शाम तक का समय दिया में नारायण पाल, प्रेमानंद महाजन, राजेश प्रताप सिंह, सुशील गाबा, परिमल राय, संजय जुनेजा, इन्द्रजीत सिंह, राजकुमार ठुकराल, सुमित्तर भुल्लर, मोहन खोड़ा, राजेश प्रताप,सुभाष बेहड़, ममता हालदार, मोनिका ढ़ाली, गौरव खुराना, परवेज कुरैशी, गुलशन नारंग, विजय अरोरा, हरीश बत्रा, हरीश अरोरा सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय के आवास पर चला प्रशासन का डंडा

## अवैध अतिक्रमण हटाने का थमाया नोटिस

गूलरभोज (उद संवाददाता)। सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के उच्च न्यायालय के सख्त निर्देशों के अनुपालन में गदरपुर तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के आवास परिसर में बने कैंप कार्‌यालय के एक हिस्से को अवैध अतिक्रमण के रूप में चिन्हित करते हुए नोटिस थमाया है। मंगलवार शाम तहसील की राजस्व टीम ने विधायक के आवास पहुंचकर यह कार्रवाई की, जिसके बाद से क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।गदरपुर तहसील के कानूनगो भगत सिंह के नेतृत्व में पटवारी सुरजीत सिंह, हरजीत सिंह, जितेंद्र सिंह और सरताज अली की टीम विधायक अरविंद पांडेय के आवास पर पहुंची। विधायक की अनुपस्थिति में राजस्व टीम ने उनके पुत्र अतुल पांडेय को नोटिस सौंपा। कानूनगो भगत सिंह ने बताया कि सुनील यादव बनाम उत्तराखंड सरकार मामले में दिए गए अदालती निर्देशों के अनुपालन में यह कदम उठाया गया है। जांच के दौरान खाता संख्या 64, खसरा संख्या 12 ग में रास्ते के एक ओर सिंचाई विभाग की नहर और दूसरी ओर विधायक आवास के सामने करीब 0. 158 हेक्टेयर भूमि पर अवैध निर्‌माण पाया गया है। प्रशासन ने विधायक पक्ष को इस अवैध अतिक्रमण को खुद हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया है।नोटिस मिलने के बाद विधायक पुत्र अतुल पांडेय ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे लोग वर्‌ष 2015 से यहां काबिज हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे तहसील प्रशासन का साधुवाद करते हैं कि 11 साल बाद उन्हें इस जगह की सुध आई है। अतुल पांडेय ने उन लोगों पर भी निशाना साधा जिनकी शिकायत पर यह कार्‌रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि उनके पिता परिवार के अभिभावक हैं और उनके आने के बाद ही इस मामले में आगे का निर्‌णय लिया जाएगा। इधर विधायक के आवास पर नोटिस दिए जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समर्‌थकों का जमावड़ा लग गया। समर्थकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक विद्वेष और बदले की भावना से की गई कार्‌रवाई करार दिया।इस पूरे मामले पर गदरपुर की तहसीलदार लीना चंद्रा धामी ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार गदरपुर, दिनेशपुर और गूलरभोज क्षेत्र में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 तारीख को विधायक के खिलाफ एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ था, जिसकी राजस्व टीम से जांच कराई गई। जांच में 0.158 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पुष्ट होने के बाद ही नोटिस जारी किया गया है। तहसीलदार ने कहा कि यदि विधायक के पास इस भूमि से संबंधित कोई वैध साक्ष्य हैं, तो वे उन्हें प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।



# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले बख्शा नहीं जाएंगे:एसएसपी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी क्षेत्र में पार्षद सौरभ बेहड़ पर हुए हमले की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बेहद गंभीरता से लिया है। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घटना में शामिल दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की तलाश में जुटी है और दावा किया जा रहा है कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। घटनाक्रम के अनुसार 18 जनवरी 2026 की शाम पार्षद सौरभ बेहड़ स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। घर के पास वाली गली में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि एक हमलावर बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दो अन्य ने सौरभ बेहड़ को स्कूटी से नीचे गिराया और उनके साथ मारपीट की। यह पूरी वारदात मात्र 6 सेकंड के भीतर अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटना के पहले दिन से ही एसएसपी के निर्देशानुसार सक्रियता दिखाते हुए मैनुअल पुलिसिंग, सर्विलांस और तकनीकी जांच के माध्यम से आरोपियों का सुराग लगाना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आरोपियों की जल्द से जल्द पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस प्रशासन ने आम जनता से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि कोई भी कानून अपने हाथ में न ले। पुलिस पूरी निष्पक्षता और गंभीरता के साथ प्रकरण को सुलझाने में लगी है और बहुत जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



# महापौर ने निर्माणाधीन बस टर्मिनल का किया निरीक्षण

रूद्रपुर। शहर की महत्वाकांक्षी परियोजना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार निर्माणाधीन बस टर्मिनल के कार्य को गति देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे महापौर ने निर्माण की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने टर्मिनल के दायरे में आ रहे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और यात्रियों की सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से सुधारने पर विशेष जोर दिया।बस टर्मिनल के निर्माण में हो रही देरी का संज्ञान लेते हुए महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के एमडी इंदर कपूर से अब तक हुई प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और देरी के कारणों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यदायी संस्था के एमडी ने अवगत कराया कि मुख्य रूप से अतिक्रमण और कुछ तकनीकी अड़चनों के कारण निर्माण की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि अतिक्रमण की समस्या का समाधान हो जाता है, तो अगले दो माह के भीतर बस टर्मिनल का संचालन विधिवत रूप से शुरू कर दिया जाएगा, जबकि परिसर में प्रस्तावित शॉपिंग मॉल के निर्माण में अभी करीब डेढ़ से दो वर्ष का समय लग सकता है।महापौर ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि जब तक टर्मिनल पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किच्छा बाईपास रोड की उन 48 दुकानों के भविष्य पर भी चर्चा की, जो बस टर्मिनल की जद में आ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर इन व्यापारियों के पुनर्वास के लिए एक ठोस योजना तैयार करेंगे। महापौर ने कहा कि ये दुकानदार दशकों से यहां अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनकी रोजी-रोटी को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्हें उचित स्थान पर पुनर्स्थापित करना नगर निगम की प्राथमिकता है ताकि विकास की प्रक्रिया में किसी का अहित न हो।मीडिया से मुखातिब होते हुए महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सभी बड़ी और छोटी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊं का प्रवेश द्वार होने के नाते रूद्रपुर में एक आधुनिक बस टर्मिनल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह प्रोजेक्ट न केवल शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारेगा बल्कि रूद्रपुर को एक नई पहचान भी दिलाएगा।महापौर ने कहा कि आज के निरीक्षण में जो भी समस्याएं सामने आई हैं, चाहे वे प्रशासनिक हों या तकनीकी, उनका समाधान युद्ध स्तर पर किया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो वे स्वयं शासन स्तर पर वार्ता कर अवरोधों को दूर कराएंगे। महापौर ने कहा कि जैसे ही टर्मिनल का मुख्य हिस्सा तैयार होगा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इसका भव्य लोकार्पण करेंगे और इसे जनता को समर्पित करेंगे।




## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मतदाताओं का सत्यापन

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के संदर्भ में एक सबसे अहम अपेक्षा यह रही है कि इसे पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए। कई तरह के विवादों के बीच विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई एक प्रमुख मांग भी यही है। इस मसले पर निर्वाचन आयोग की यही दलील रही है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य अपात्र लोगों को बाहर करना है। इसमें स्थान बदलने वाले लोगों से लेकर वैसे लोग भी शामिल होंगे, जिनकी मौत हो चुकी है।इस घोषित मकसद से किसी को आपत्ति नहीं होगी, लेकिन अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूची से जितनी बड़ी तादाद में लोगों के नाम बाहर होने की खबरें आई हैं, उसे लेकर कई सवाल उठे हैं। इसकी जड़ में मुख्य कारण इस समूची प्रक्रिया में अपेक्षित पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं किया जाना हो सकता है और इसीलिए आम नागरिकों के बीच तमाम आशंकाएं उभरीं। अगर एसआइआर की प्रक्रिया को शुरू से आखिर तक पूरी तरह पारदर्शी बनाने की व्यवस्था की जाती, तो संभवत: अनावश्यक विवाद नहीं खड़े होते।अब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस समूची कवायद में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पूरी तरह पारदर्शी ढंग से हो और इससे लोगों को अनावश्यक तनाव तथा असुविधा न हो। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान ऐसी तमाम शिकायतें सामने आईं कि मनमाने तरीके से नागरिकों के नाम बाहर किए गए। कई जगहों पर लोगों को समय पर इसकी जानकारी भी नहीं हुई और उनका नाम मतदाता सूची से हट गया। जाहिर है, निर्वाचन आयोग की ओर से यह प्रक्रिया जिस स्तर पर चलाई गई, उसमें मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को सूचित करने और उन्हें अवसर देने को लेकर सवाल उठे।पश्चिम बंगाल में भी चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम, उपनाम, आयु में गड़बड़ी आदि की वजह से करीब एक करोड़ पच्चीस लाख मतदाताओं को तार्किक विसंगति नोटिस जारी किया था। इस संदर्भ में शीर्ष अदालत ने आयोग को निर्देश दिया कि वह किसी भी तरह की गड़बड़ी वाली मतदाता सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक तौर पर लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके। सवाल है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को पूरी तरह पारदर्शी बनाने का जो काम निर्वाचन आयोग को अपनी प्रक्रिया में प्राथमिक स्तर पर खुद ही अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए था, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ रही है। तार्किक विसंगति के दायरे में आए सभी नामों को सार्वजनिक करने के अलावा मतदाता सूची में नाम होने के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल करने को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था। सच यह है कि बिहार सहित देश के जिन राज्यों में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया संचालित की गई, वहां सबसे अहम सवाल पारदर्शिता को लेकर ही उठे। इससे किसी को भी असहमति नहीं होगी कि चुनाव प्रक्रिया में कोई भी अवैध रूप से हिस्सा न ले और सिर्फ पात्र लोगों को ही मतदान का अधिकार मिले। मगर यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सभी पात्र लोगों को खुद को सही साबित करने के लिए जरूरी अवसर और सुविधा मिले, ताकि वह मतदान के लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न हो।

# सैन्य सम्मान के साथ हुई शहीद गजेंद्र सिंह गढिया की अंत्येष्टि

## विधायक सुरेश गढिया, डीएम आकांक्षा कोंडे ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

कपकोट (बागेश्वर)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकी हमले में बलिदान हुए हवलदार गजेंद्र सिंह गढिघ्या का मंगलवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सरयू-खीरगंगा के संगम पर उनकी अंत्येष्टि की गई। सैकड़ों की संख्या में बाद 1:50 मिनट पर बलिदानी जवान का पार्थिव शरीर वायुसेना के हेलीकॉप्टर से कपकोट के डिग्री कॉलेज मैदान में पहुंचा। मैदान में ही परिवार वालों ने जवान के अंतिम दर्शन किए। सेना की रेजिमेंट की ओर से बलिदानी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। विधायक के गगनभेदी नारों के साथ श्मशानघाट के लिए रवाना हुई। सरयू-खीरगंगा के संगम पर सिख रेजीमेंट और सिग्नल कोर जवानों ने अंतिम सलामी दी। लिदानी के चचेरे भाई नवीन और छोटे भाई किशोर ने चिता को मुखाग्नि दी। वहां मौजूद सैकड़ों लोगों की आंखों में अपने पति का चेहरा देखा तो दहाड़ मारकर रोने लगीं। कभी वह अपने पति के चेहरे को छूतीं, कभी ताबूत से लिपटकर रोने लगतीं। वहां मौजूद विधायक और अन्य लोग उन्हें लगातार सांत्वना देते रहे। इस दौरान कई बार वह बेसुध भी हो गईं। यही हाल गजेंद्र की





क्षेत्रवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।बलिदानी की पत्नी लीला गढिया, पुत्र धीरज और राहुल सोमवार रात देहरादून से कपकोट पहुंच गए थे। मंगलवार सुबह उनके पिता धन सिंह गढिया, माता चंद्रा गढिया समेत पूरे गांव के लोग भी आ गए। मंगलवार दोपहर सुरेश गढिया, डीएम आकांक्षा कोंडे, पीएमजीएसवाई अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, पैरा लेफ्टिनेंट कर्नल हैरी लुईस समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित किए। मैदान से जवान की अंतिम यात्रा भारत माता की जय, बलिदानी गजेंद्र सिंह अमर रहें आंसू थे। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विजय मनराल, एसडीएम अनिल चन्याल आदि रहे। वायुसेना के हेलीकॉप्टर से जैसे ही बलिदानी के पार्थिव शरीर का ताबूत बाहर निकाला गया, उनकी मां और पत्नी का सब्र टूट गया। लीला ने जैसे ही माता चंद्रा गढिया का भी रहा। बेटे का चेहरा छूकर और ताबूत से लिपटकर वह खूब रोईं। पिता धन सिंह ने किसी तरह अपने आंसुओं को रोके रखा था, लेकिन बेटे के अंतिम दर्शन के दौरान वह भी स्वयं पर काबू नहीं रख पाए। उनकी आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी।

# एक दिन में सात हजार से अधिक लोगों तक पहुंची सरकार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान प्रदेश में सुशासन और जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी 2026 तक राज्य के सभी 13 जनपदों में कुल 408 जनसेवा शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। मंगलवार को प्रदेश भर में 13 नए शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 7,876 नागरिकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अब तक इन शिविरों के माध्यम से कुल 3,30,461 नागरिक लाभ उठा चुके हैं, जो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इस पहल पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है।प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार इन शिविरों में अब तक 33,529 शिकायत एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 22,675 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया गया है। केवल मंगलवार को ही 783 नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और मौके पर ही 502 मामलों का समाधान सुनिश्चित किया गया। यह त्वरित कार्रवाई सरकार की प्रशासनिक दक्षता को प्रमाणित करती है। इसके अलावा विभिन्न शासकीय सेवाओं और प्रमाण-पत्रों के लिए अब तक 43,975 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें मंगलवार को आए 659 नए आवेदन भी शामिल हैं। जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अब तक कुल 1,79,169 नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया जा चुका है, जिसमें आज 3,911 नए लाभार्थी जुड़ हैं।जनपदवार विवरण के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और नैनीताल सहित सभी पर्वतीय एवं मैदानी जिलों में इस अभियान को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अभियान को लेकर स्पष्ट किया है कि यह केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही और संवेदनशीलता का प्रतीक है। जब सरकार स्वयं जनता के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनती है, तो शासन के प्रति विश्वास मजबूत होता है। उत्तराखंड सरकार का यह अभियान राज्य में सुशासन की नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहा है, जहां संवाद और समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम भविष्य में और अधिक व्यापक रूप से जारी रहेगा।

# बैलपड़ाव बहुद्देशीय शिविर में जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

कोटाबाग (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत मंगलवार को नैनीताल जनपद के बैलपड़ाव में विशाल बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। सिंचाई डांक बंगले में आयोजित इस शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया। शिविर में लगभग 500 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिनमें से 215 समस्याओं का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण शिविर में सर्वाधिक शिकायतें सिंचाई, जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा और गूलों की मरम्मत से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने सिंचाई और वन विभाग को सख्त निर्देश दिए कि जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए अगले वित्तीय वर्ष की जिला योजना में सोलर





फेंसिंग और चेन लिंक फेंसिंग के प्रस्ताव प्राथमिकता पर शामिल किए जाएं। स्थानीय लोगों द्वारा आधार केंद्र की मांग पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कालाढूंगी और खंड शिक्षा अधिकारी को कोटाबाग एवं बैलपड़ाव क्षेत्र में शीघ्र आधार केंद्र खोलने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। भूमि विवादों और पैमाइश के मामलों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि तहसील स्तर पर प्रत्येक शनिवार को इन प्रकरणों का निस्तारण किया जाए।शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर जनता को मौके पर ही सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग ने 93 लोगों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दीं, जबकि आयुर्वेदिक और होम्योपैथी विभागों ने कुल 185 मरीजों की जांच की। कृषि विभाग द्वारा 30 पात्र लाभार्थियों की किसान सम्मान निधि संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया और 20 किसानों को कृषि यंत्र वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने 25 लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी और बेल्ट वितरित की। बाल विकास विभाग की ओर से 5 पात्र महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की गई। राजस्व विभाग ने मौके पर ही जाति प्रमाण पत्र जारी किए और यूसीसी जागरूकता रथ के माध्यम से 6 विवाह पंजीकरण के आवेदन भरे गए।विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायतों पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और अच्छी गुणवत्ता के उपकरण लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जर्जर पोल और लटकते तारों से कोई दुर्घटना होने पर विभाग की सीधी जिम्मेदारी होगी। किशनपुर कोटली में अवैध रूप से बगीचा काटकर रिसॉर्ट बनाने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। शिविर में विधायक बंशीधर भगत, दायित्वधारी सुरेश भट्ट, पूरन चंद्र नैलवाल, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा और उपजिलाधिकारी विपिन चन्द्र पंत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर सजेगा भव्य दरबार

## इंडियन गैस एजेंसी सुभाष कॉलोनी में होगा धार्मिक आयोजन, माता का जागरण कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर के सुभाष कॉलोनी स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर आगामी 22 जनवरी की रात 8:00 बजे प्रभु श्री राम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस पावन अवसर पर माता का विशाल जागरण भी आयोजित होगा, जिसमें भक्ति संगीत की सरिता बहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ होंगे, जो श्री राम दरबार और माता के जागरण का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली



गई हैं। आयोजन की जानकारी देते हुए भारत भूषण चुघ ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हिंदू समाज के करोड़ों लोगों के लिए गौरव और विजय का ऐतिहासिक पल है। इसके लिए समाज ने सैकड़ों वर्षों तक संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर न केवल विराजमान है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर में ध्वज की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के बाद इसकी दिव्यता और बढ़ गई है। हमारे आराध्य प्रभु श्री राम का यह भव्य और दिव्य मंदिर पूरी दुनिया की आस्था का केंद्र बना हुआ है, जहां रोजाना लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन गैस एजेंसी द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जिससे न केवल क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होता है, बल्कि लोगों में सामाजिक समरसता भी बढ़ती है। धार्मिक अनुष्ठान में मां कालका देवी म्यूजिकल ग्रुप किच्छा के कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गायक अमित शर्मा, दीपक सागर, खुशी यादव, अमित जैन और राज वर्मा अपनी सुरीली आवाज में मां की महिमा का गुणगान करेंगे और श्रद्धालु भक्ति भजनों पर झूम सकेंगे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सूरज आर्य, अमन ग्रोवर, लक्खा सिंह, पारस नाथ, रजत अरोड़ा, संजय कुमार, महेश, सोनू सागर, कृष्ण सहनी, लक्षण गोगना, रिंकू कोली, सूरज कोली, अजय पाल, कमल पाल, भूरा कोली, बिल्लू कोली, राजदीप पाल, मदन बिष्ट, अमित कक्कड़, सोनी कोली, रोहित प्रजापति, दीपक पाल, ऋषभ प्रजापति और मोंटू बाबा समेत अनेक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# राज्यपाल ने नई दिल्ली में 'न्यू पार्लियामेंट: वॉयस ऑफ भारत' पुस्तक का किया विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रो. के. पी. सिंह द्वारा लिखित पुस्तक "न्यू पार्लियामेंट: वॉयस ऑफ भारत" का विमोचन किया। इस पुस्तक में देश के नए संसद भवन की संरचना, उसकी राष्ट्र को समर्पित किया गया था। उन्होंने नए भवन को आधुनिकता और प्राचीन परंपराओं का अनूठा संगम बताया। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि यह भव्य ढांचा भारत के बढ़ते आत्मविश्वास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया संसद परिसर में स्थापित 'सेंगोल' का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह कर्तव्य, सेवा और धर्म का प्रतीक है। सेंगोल हमें यह संदेश देता है कि सत्ता का वास्तविक उद्देश्य लोक सेवा ही होना चाहिए।लेखक प्रो. के. पी. सिंह की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा



ऐतिहासिक महत्ता और उससे जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। विमोचन समारोह के दौरान राज्यपाल ने पुस्तक की सामग्री और लेखक के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक उस ऐतिहासिक क्षण को जीवंत करती है, जब नया संसद भवन कि यह पुस्तक पाठकों को संसद की कार्यप्रणाली और उसकी भव्यता से परिचित कराने में सहायक होगी। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि नया संसद भवन मात्र एक प्रशासनिक इमारत नहीं है, बल्कि यह भारतीय कला, संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों को अपने भीतर समेटे हुए है। उन्होंने कि उन्होंने लोकतंत्र से जुड़े गूढ़ विचारों और भावनाओं को अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पुस्तक भावी पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगी और नागरिकों को अपने संवैधानिक कर्तव्यों एवं देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अधिक जागरूक बनाएगी।

# बदहाल सड़क ठीक न करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## बदहाल पुलिया, अधूरी सड़क पर जि.पं. सदस्य शैलजा ने दिया ज्ञापन



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद के सल्लाभाटकोट क्षेत्र में विकास की धीमी रफ्तार और बदहाल कनेक्टिविटी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब गहराने लगा है। जिला पंचायत सदस्य सल्लाभाटकोट, शैलजा चम्याल ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), अल्मोड़ा को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्षों से लंबित कनारीछीना- बिनूक- पतलचौरा मोटर मार्ग के निर्माण और क्षेत्र की जर्जर पुलियाओं की मरम्मत की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन सौंपते हुए शैलजा चम्याल ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि कनारीछीना- बिनूक- पतलचौरा मोटर मार्ग को लगभग 5-6 वर्ष पूर्व वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। कई बार सर्वे और मिट्टी की जांच भी हो चुकी है, लेकिन धरातल पर आज तक एक इंच भी काम शुरू नहीं हो सका है। इस सड़क के निर्माण से तल्ली कनारीछीना, रीम, पीपलखेत, बिनूग, चिमच्वा, पतलचौरा और ड्यूख्यत जैसे दर्जनों गांवों की किस्मत बदल सकती है। सदस्य ने जोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति के परिवारों की बड़ी संख्या है, और सड़क न होना उनके मौलिक अधिकारों का भी हनन है। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि खराब रास्तों के कारण बुजुर्गों और बच्चों को प्रतिदिन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क के साथ-साथ शैलजा चम्याल ने क्षेत्र की पुलियाओं की दयनीय स्थिति पर भी विभाग का ध्यान खींचा। उन्होंने बताया कि तल्ली कनारीछिना, खुडीयारी, जुड़ा, कुंखेत और मंगलता में पुलियाएं असुरक्षित हो चुकी हैं। कहीं सुरक्षा रेलिंग गायब है, तो कहीं बोल्ट ढीले हो चुके हैं। पुलियाओं का रंग-रोगन उड़ चुका है और वे किसी भी बड़े हादसे को दावत दे रही हैं। उन्होंने मांग की है कि पुरानी पुलियाओं की मरम्मत के साथ-साथ आवश्यकतानुसार नई पुलियाओं का निर्माण भी तत्काल शुरू किया जाए। जिला पंचायत सदस्य ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि विभाग ने जल्द ही सड़क निर्माण की बाधाओं को दूर कर कार्य शुरू नहीं किया और पुलियाओं की स्थिति नहीं सुधारी, तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता से जनहित में यथाशीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### डोली के सहारे जिंदगी, बीमारों और गर्भवती महिलाओं पर संकट

अल्मोड़ा। सड़क न होने का सबसे बुरा प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा पर पड़ रहा है। जिपं सदस्य ने क्षेत्र की मार्मिक स्थिति बयां करते हुए कहा कि सड़क न होने के कारण बीमारों को अस्पताल ले जाने के लिए 'डोली' ही एकमात्र सहारा है। कई बार समय पर अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। कनेक्टिविटी न होने से लोग गांव छोड़ने को मजबूर हैं। वहीं, जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक के कारण ग्रामीण पैदल रास्तों पर चलने से थर-थर कांपते हैं।

# भिकियासैंण में वाहन में मिले शवों की पुलिस ने की शिनाख्त

## दोनों ठाकुरद्वारा मुरादाबाद यूपी निवासी मृतक बिजनौर से पिकअप लेकर यहां पहुंचे थे

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। भिकियासैंण के जैनल में पिकअप वाहन में मिले शवों की शिनाख्त हो गई है। दोनों ठाकुरद्वारा मुरादाबाद यूपी निवासी मृतक बिजनौर से पिकअप लेकर यहां पहुंचे थे। ठंड से बचने को जलाए पेट्रोमैक्स की गैस से दोनों की मौत होना बताई जा रही है। लेकिन इस सबके बावजूद दोनों के अकारण यहां पहुंचना, बिना आईडी और 52 हजार रुपये मिलने से कई सवाल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि दोनों मृतक गांजा तस्करी को भिकियासैंण आए थे। दरअसल, बीते सोमवार शाम भिकियासैंण के जैनल के पास एक यूपी नंबर की पिकअप संख्या यूपी 20 सीटी 0048 से दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप मच गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों युवक पिकअप से यहां रविवार तड़के पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। ठंड अधिक होने के कारण उन्होंने बंद वाहन में पुत्र जलाउदीन, निवासी ग्राम पीपली अहीर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद और रवि पुत्र गंगा राम, निवासी ग्राम महमूदपुर कैशो, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद यूपी के रूप



पेट्रोमैक्स ऑन किया और सो गए। इसी बीच गैस लगने से दोनों की मौत हो गई। इधर, दोनों शवों की शिनाख्त अलाउदीन में हुई है। वहीं, पुलिस को तलाशी के दौरान पिकअप में रखे दो गेहूं के कट्टे और मृतकों की जेब में मिले कुल 52 हजार रुपये बरामद हुए है। जबकि मृतको के पास फोन भी नहीं था। ऐसे में प्रथम दृष्टया मामला गांजा तस्करी का जताई जा रही है। जैनल में एक लावारिस पड़ी पिकअप में मिले दो शवों के बाद पुलिस ने यूपी से वाहन स्वामी को बुला लिया है। मामले को लेकर वाहन स्वामी से पूछताछ की जा रही है कि बिजनौर से पिकअप यहां क्यों और किस काम के लिए भेजी गई थी। वहीं, घटना को लेकर अन्य से भी पूछताछ की जा रही है। इधर, उपनिरीक्षक संजय जोशी ने बताया कि मृतकों के पास से गेहूं के कट्टे, 52 हजार रुपये मिलना और आईडी और मोबाइल नहीं होना संदेह पैदा कर रहा है। बताया कि संभावना है कि दोनों यहां गांजा तस्करी के लिए आए थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताया कि पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए है।

# उत्तराखंड को केंद्र से बड़ी राहत, 759 करोड़ रुपए की धनराशि हुई स्वीकृत

देहरादून (उद संवाददाता)। भारत सरकार ने राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए कुल 759 करोड़ रुपए की भारी-भरकम धनराशि मंजूर की है। इस योजना के प्रथम चरण में पूर्व में स्वीकृत 734 करोड़ रुपए के बाद अब केंद्र सरकार ने 25 करोड़ रुपए की एक और नई किस्त जारी कर दी है। इस महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता के मिलने से प्रदेश में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी। विकास कार्यों के लिए प्राप्त हो रही इस मदद पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष सहायता योजना के तहत मिलने वाली यह धनराशि राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से उत्तराखंड में ढांचागत विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस तरह के वित्तीय सहयोग से जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने में बड़ी मदद मिल रही है।

# बजट का 30 प्रतिशत हिस्सा महिला सशक्तीकरण के लिए मिले : रेखा

देहरादून (उद संवाददाता)। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव आनंद वर्धन को पत्र लिखकर आगामी बजट का 30 प्रतिशत हिस्सा महिला सशक्तीकरण के लिए करने का सुझाव दिया है। प्रदेश के सालाना बजट में हर साल महिला सशक्तीकरण के लिए जेंडर बजट का हिस्सा बढ़ा है, इस बार भी इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। उत्तराखंड में 2021-22 में लगभग 12 प्रतिशत जेंडर बजट था, जो 2022-23 में 13.77 प्रतिशत किया गया। इसके बाद 2023-24 में जेंडर बजट 14 प्रतिशत के आसपास रहा, जबकि 2024-25 में 16 प्रतिशत आवंटित हुआ। 2025-26 में कुल 1,01,175 करोड़ के बजट में जेंडर बजट का हिस्सा करीब 17 प्रतिशत था। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में लगभग दो दशक से जेंडर बजटिंग की व्यवस्था लागू है, लेकिन शुरू में इसमें बजट का कम हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल में हर बार जेंडर बजट को बढ़ाया है। प्रदेश की महिलाओं को सही अर्थों में सशक्त बनाने और आर्थिक-सामाजिक रूप से उनके हाथ मजबूत करने के लिए ज्यादा धन की आवश्यकता है। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को पत्र लिख कर आगामी बजट में महिला केंद्रित योजनाओं के लिए 30 प्रतिशत बजट का प्रावधान करने का सुझाव दिया है।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस नेत्रियों को रोकने ....**हुए कहा कि बीते दिनों किसान सुखवंत सिंह ने पुलिस प्रताड़ना के कारण आत्महत्या की थी। इस मामले में छोटे कर्मचारियों पर तो गाज गिराई गई, लेकिन बड़े अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति के उस बयान पर भी नाराजगी जाहिर की, जिसमें महिलाओं के व्यापार को लेकर टिप्पणी की गई थी। रौतेला ने मांग की कि रेखा आर्या के पति के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इन्हीं जनहित के मुद्दों पर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के लिए वे हरिद्वार आ रही थीं, लेकिन उन्हें सीमा पर ही बलपूर्वक रोक दिया गया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष को बॉर्डर पर रोके जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। हरिद्वार ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी ने पुलिसिया कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि बिना किसी ठोस कारण के महिला नेताओं को ढाई घंटे तक बॉर्डर पर खड़ा रखना निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से यह शर्त रखी जा रही थी कि कांग्रेस कार्यकर्ता लिखित में दें कि वे कोई प्रदर्शन नहीं करेंगे, जो पूरी तरह गलत है। चौधरी ने स्पष्ट किया कि पुलिस के इस दमनकारी रवैये के खिलाफ पूरी कांग्रेस एकजुट है और अपनी महिला नेत्रियों के साथ मजबूती से खड़ी है।

**पांडे और चुफाल...**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। फिलहाल, तराई से लेकर राजधानी देहरादून तक इस मुलाकात और प्रशासन की अगली कार्रवाई को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। क्या यह दो वरिष्ठ विधायकों का गठबंधन सरकार के लिए कोई नई चुनौती खड़ी करेगा या फिर प्रशासन अपने ध्वस्तीकरण के नोटिस पर अडिग रहेगा? इन सवालों के जवाब आने वाले 15 दिनों में मिलने की उम्मीद है।

**रामनगर में गुलदार...**अनुसार, क्षेत्र में नाइट गश्त बढ़ा दी गई है और गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यदि आवाजाही जारी रही, तो पिंजरा लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। स्थानीय निवासी किशनपुर छोई और आसपास के गांवों में गुलदार की बढ़ती सक्रियता से बेहद चिंतित हैं। नैनीताल जिले में पिछले एक महीने के भीतर वन्यजीवों के हमले की यह पांचवीं बड़ी घटना है। तीन दिन पहले रामनगर में बाघ ने एक युवक को मार डाला और शव को 2 किमी जंगल के भीतर घसीट ले गया। 22 दिन पहले धारी ब्लॉक के दीनी तल्ली में घास लेने गई महिला को गुलदार ने मार डाला। 17 जनवरी को रामनगर क्षेत्र में ही बाघ के हमले में एक अन्य युवक की जान चली गई। लगातार हो रही इन घटनाओं से रामनगर और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में लोग शाम ढलते ही घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आदमखोर होते वन्यजीवों से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**सड़क हादसे में पूर्व ...**मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला बाइक फिसलने के कारण हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों और समय की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। वर्तमान में परिजनों की तहरीर और पुलिस की शुरुआती जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**क्रिकेट खेल रहे ..**को तहरीर देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जगतपुरा में हथियारबंद...** हथियारों से हमला कर धमकाना शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ बढ़ती देख दबंग वहां से मोटरसाइकिल पर सवार होकर भागने लगे। कुछ ही दूरी पर उनकी मोटर साईकिल असंतुलित होकर गिर गई। जिस पर वह उसे वहीं पर ही छोड़कर व अपने हथियार फेंक भाग गये। मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौहल्लेवासियों से विस्तार से जानकारी ली साथ ही मौहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। दबंगों के हमले में एक मौहल्लेवासी घायल भी हुआ है। जिसने चिकित्सालय में अपना उपचार करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कल प्रातः से ...** गन्ना सेंटर से डायवर्ट होकर लालकुआं किच्छा नगला बाईपास होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। रेलवे व प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले रूट प्लान कर निकलें, डायवर्जन का पालन करें और अनावश्यक भीड़ से बचें। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग को सामान्य कर दिया जाएगा।

### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोसिन सैफी व बहु श्रीमती नूरीस परिजनों का कहना नहीं मानते हैं। आये दिन घर में झगड़ा व कलह करते हैं। जिस कारण मैंने अपने पुत्र मोसिन सैफी व बहु श्रीमती नूरीस से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र मोसिन सैफी व बहु श्रीमती नूरीस द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जाकिर पुत्र श्री जाफर अली
निवासी- वार्ड नम्बर 26, पूर्व नं. 9,सीरगोटिया, रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खटीमा के नामी व्यवसायी ने किया सुसाईड लाइसेंसी रिवॉल्वर और सुसाइड नोट बरामद

खटीमा। खटीमा शहर के एक वरिष्ठ व्यवसायी का शव मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में सुजिया नाले के किनारे बांस के पेड़ों के बीच अटका हुआ मिला। उनकी कनपटी के पास गोली लगी थी। घटनास्थल पर व्यवसायी की लाइसेंसी रिवाल्वर व सुसाइड नोट मिलने से उनके आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अपरान्ह करीब पौने दो बजे पुलिस को सुजिया महोलिया में खेतों के पास सुजिया नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। दरोगा किशोर पंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान शहर के वरिष्ठ व्यवसायी व कंजाबाग निवासी जसोधर भट्ट (62) पुत्र प्रेम बल्लभ भट्ट के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना से खटीमा में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ लग गई। पुलिस ने घटना स्थल को सील कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, व्यवसायी



घटना स्थल तक बाइक से पहुंचे थे। उनकी बाइक भी घटनास्थल के पास बरामद हुई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित करते हुए रिवॉल्वर और सुसाइड नोट बरामद किए। बताया कि जसोधर भट्ट सुबह करीब 10 बजे नाश्ता करने के बाद घर से निकले थे। हालांकि वह घटनास्थल पर कब पहुंचे, इसकी जानकारी नहीं है। घटनास्थल पर उनकी बाइक मिली है,जिससे उनके बाइक से ही घटनास्थल तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सीओ खटीमा विमल रावत ने बताया कि घटनास्थल के पास सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। सुजिया महोलिया के पास खेतों के निकट सुजिया नाले के किनारे बकरी चराने वाले लोगों ने व्यवसायी का शव देखा था। जिसकी सूचना मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एसआईटी ने तीन दरोगा और एक एएसआई को पूछताछ के लिए भेजा नोटिस

हल्द्वानी। सुखवंत सिंह आत्महत्या प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी ने तीन दरोगा और एक अपर सहायक दरोगा को नोटिस जारी किया है। इन सभी से इस केस के संबंध में पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा एसआईटी ने धोखाधड़ी के मामले की जांच के लिए कुछ बैंकों को भी नोटिस जारी किया है। ताकि बैंक में हुए लेनदेन आदि की सच्चाई सामने



लाई जा सके। इस प्रकरण में एसआईटी बीते चार दिनों से जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता आईजी सुनील कुमार मीणा ने बताया कि अब तक इस मामले में एसआईटी ने कई स्तरों पर जांच की है। आत्महत्या का मुकदमा आईटीआई थाने से काठगोदाम थाने में ट्रांसफर कर दिया गया है। कई तरह के दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए हैं जिनका गहन परीक्षण कराया जा रहा है। इस प्रकरण में अब तक सोशल मीडिया पर जो बातें और तथ्य सामने आए हैं, उनकी अलग से जांच की जा रही है। एसआई कुंदन सिंह रौतेला की एसीआर वायरल होने के मामले में एसटीएफ कुमाऊं यूनिट ने जांच शुरू कर दी है। पूरे प्रकरण में आत्महत्या के अलावा एक धोखाधड़ी का मामला भी है। इसमें करोड़ों के लेनदेन की बात सामने आ रही है। इसकी जांच के लिए सुखवंत सिंह और दूसरे पक्ष के बैंक खातों की जांच भी की जा रही है। इसके लिए बैंकों को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रकरण की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की जा रही है। एसआईटी जल्द ही नतीजे पर पहुंचेगी।




# जमा किए लाखों रुपए हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहुचर्चित जीएमएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी घोटाला मामले में लाखों रुपए हड़पने के आरोपी कंपनी के मालिक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 25 से 30 महीनों में निवेश की राशि को दोगुना करने का लालच देकर जमा पूंजी हड़प लेने का आरोप है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 18 जनवरी 2026 को पार्थ परासर पुत्र पीपी बुधलाकोटी निवासी कपिल कालोनी बड़ी मुखानी ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें उसने जीएमएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी के मालिक बिमल रावत पुत्र भोला सिंह रावत निवासी गोकुल धाम सोसाइटी नियर ईको टाऊन मुखानी मूल निवासी ग्राम रछुली थामा पौड़ी जिला पौड़ी गढ़वाल व रुबी रावत पत्नी विमल रावत निवासी उपरोक्त के विरुद्ध एक योजना के तहत 25-30 महीनों में निवेश




राशि को दोगुना करने का आश्वासन देकर लोगों के पैसे को मार्केट ट्रेडिंग में लगाकर लाभ को दोगुना करने की बात कहते हुए माह नवंबर तथा दिसंबर 2024 में 05.05 लाख की दो किश्तों में कुल 10 लाख रुपये का निवेश किया। उक्त धनराशि के निवेश के एवज में प्रतिमाह 8 प्रतिशत ब्याज देने की बात कही गई। आरोप है कि बिमल रावत द्वारा उसको मात्र 190000 रुपए मूलधन तथा इतना ही ब्याज उनकी पत्नी के खाते में वापस किया गया तथा शेष धनराशि 810000 रुपए वापस न कर धोखाधड़ी की गई। एसएसपी ने बताया तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर विवेवना वरिष्ठ उप निरीक्षक भूपेन्द्र मेहता के सुपुर्द की गयी। विवेचक द्वारा अभियुक्त विमल रावत को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।विवेचना के आधार पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने आमजन से अपील की है वह शॉर्टकट कमाई के चक्कर में अपनी मेहनत की जमा पूंजी को किसी के हवाले न करें। ऐसी फर्जी स्कीम के लालच में बिल्कुल न फंसे।

# 23-24 जनवरी को भारी बारिश बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड में 22 जनवरी से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 जनवरी को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से ठंड परेशान कर सकती है। उधर, 23 और 24 जनवरी को बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।केंद्र की ओर से विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए 23-24 जनवरी को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। इन दो दिनों में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना जताई गई है। जिसके चलते पर्वतीय इलाकों में शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है।इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा। हिदायत जारी करते हुए कहा, 23 जनवरी को भारी बर्फबारी होने से पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में सड़कें बंद हो सकती है। ऐसे में अनावश्यक रूप से यात्रा करने से बचने की हिदायत दी गई है।इसके अलावा बिजली आपूर्ति भी बाधित हो सकती है। किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए खाद्य सामग्री की व्यवस्था पहले से करने की सलाह दी गई है। बुधवार के मौसम की बात करें तो प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने से सुबह-शाम ठंड परेशान कर सकती है।

# होमगार्ड विभाग में वर्दी घोटाले की जांच शुरू

देहरादून। होमगार्ड विभाग में वर्दी घोटाले की गृह विभाग ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जांच शुरू कर दी है। घोटाले का आरोप डिप्टी कमांडेंट जनरल अमिताभ श्रीवास्तव पर है। आरोप है कि उन्होंने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एक करोड़ रुपये का वर्दी व अन्य सामान तीन करोड़ रुपये में खरीदा है।कमांडेंट जनरल पीवीके प्रसाद ने विभागीय जांच कराने के बाद श्रीवास्तव की बर्खास्तगी और उनसे दो करोड़ रुपये की रिकवरी करने की संस्तुति करते हुए शासन को लिखा था। गृह सचिव शैलेश बगौली ने बताया कि इस मामले में 15 दिन पहले कमांडेंट जनरल होमगार्ड का पत्र मिला था। इसमें बताया गया था कि अमिताभ श्रीवास्तव ने अपने पद का दुरुपयोग करते



हुए वित्तीय अनियमितताएं की हैं। इस मामले की जांच के लिए शासन स्तर के अधिकारियों की टीम बनाई गई है। आरोप है कि जवानों के लिए एक करोड़ रुपये की वर्दी तीन करोड़ रुपये में खरीदी गई। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही जांच पूरी करने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि ये अनियमितताएं वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुई है। वर्ष 2025-26 में फिर इन दरों पर टेंडर निकाला गया तो तब कमांडेंट जनरल पीवीके प्रसाद ने यह बात पकड़ ली। उन्होंने टेंडर निरस्त कराते हुए घपले के आरोपी डिप्टी कमांडेंट जनरल (डीसीजी) अमिताभ श्रीवास्तव के खिलाफ केस दर्ज कराने, दो करोड़ रुपये की रिकवरी करने और सेवा से बर्खास्त करने की रिपोर्ट शासन को भेजी है।

# विधायक सुमित ने जाना घायल पार्षद सौरभ बेहड़ का हाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से विधायक सुमित हृदयेश ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिलक राज बेहड़ के सुपुत्र एवं वार्ड संख्या 39 से पार्षद सौरभ राज बेहड़ पर हुए जानलेवा हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विधायक सुमित हृदयेश ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय और लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों पर इस प्रकार के हमले कानून-व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिह्न हैं और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। विधायक सुमित हृदयेश आज रुद्रपुर स्थित फुटेला हॉस्पिटल पहुँचे, जहाँ उन्होंने पार्षद सौरभ राज बेहड़ का कुशलक्षेम जाना। साथ ही उपचार कर रहे चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। चिकित्सकों के अनुसार पार्षद की स्थिति फिलहाल स्थिर है और उनका इलाज लगातार जारी है।विधायक सुमित हृदयेश ने ईश्वर से पार्षद सौरभ



राज बेहड़ के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए प्रशासन से मांग की कि इस हमले में शामिल सभी आरोपियों की जल्द पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़, बीना बेहड़, मनीष गोस्वामी आदि भी मौजूद रहे।